# यू0पी0 को–आपरेटिव फेडरेशन लि0, क्षेत्रीय कार्यालय, मिर्जापुर

लोहदी महाबीर मार्ग, चोरवाबारी मिर्जापुर
E mail- rmpcfmzp@gmail.com

पत्रांकःपीसीएफ/क्षे0का0/उर्वरक–बीज परिवहन/ई–टेण्डर/2026–27/ 99 दिनांकः 15/5/26

## पुनः ई–निविदा सूचना

कृपया मुख्यालय के पत्रांकःपीसीएफ/उर्वरक/2026–27/12 दिनांक 02.04.2026 में दिये गये निर्देशों के कम में पी0सी0एफ0 में पंजीकृत/अपंजीकृत परिवहन ठेकेदारों/फर्मों से **वित्तीय वर्ष 2026–27 एवं 2027–28** हेतु **उर्वरक/बीज परिवहन, रैक हैण्डलिंग एवं पल्लेदारी** कार्यो के लिए विन्ध्याचल मण्डल के जनपद **मिर्जापुर एवं भदोही** में परिवहन ठेकेदार नियुक्त किये जाने हेतु ई–निविदाएँ क्षेत्रीय कार्यालय पी0सी0एफ0 विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर स्तर पर निम्न तिथि में आमंत्रित की जाती हैः–

| क0सं0 | मण्डल/जनपद का नाम | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम तिथि | निर्धारित समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय | निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि | निविदा प्रपत्र खोलने का समय |
| 1 | मिर्जापुर मण्डल (जनपद मिर्जापुर एवं भदोही) | 26.05.2026 | 3.00 PM | 26.05.2026 | 3.30 PM |

निर्धारित निविदा प्रपत्र, मूल्य, धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण, निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी **https://etender.up.nic.in** से डाउन लोड की जा सकती है तथा अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के **मोबाइल नं0 8765984639, 8765984640** पर सम्पर्क कर सकते है। निविदा का विवरण निम्नवत् हैः–

1. उर्वरक/बीज परिवहन, रैक हैण्डलिंग एवं पल्लेदारी कार्य हेतु।
2. धरोहर धनराशिः– (1) A, B, C कैटेगरी सभी जनपद **हेतु रू0 1,00,000.00 (एक लाख मात्र)।**
3. टेण्डर फार्म शुल्क रू0 5000.00+जी0एस0टी0 अतिरिक्त (18%)= **5900.00 (पॉच हजार नौ सौ रूपये मात्र)।**
4. आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से ही धरोहर धनराशि एवं निविदा/पंजीयन शुल्क निम्न खातों में जमा किया जायेगा।

धरोहर धनराशि जमा करने हेतु खाता संख्या–

| S.N. | District Name | Bank Name | Name of Account | A/C Number | IFSC Code | Name of Branch |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mirzapur | Punjab National Bank | UP COOPARATIVE FEDRATION LTD. | 474000VS00002952 | PUNB0032200 | Badali Katra Mirzapur |

किसी भी दशा में डिमाण्ड ड्राफ्ट/रसीद स्वीकार नहीं किया जायेगा एवं बिना धरोहर राशि वाली एवं पूर्व वर्षों की जमा अर्नेष्टमनी इस वर्ष मान्य नहीं होगी, सशर्त एवं अपूर्ण निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 जमा की रसीद टेण्डर फार्म में लगाना अनिवार्य है रसीद न लगाने की दशा में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र पर निर्धारित तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव सभी आवश्यक डाक्यूमेण्टस को स्कैन कर वेवसाइट **https://etender.up.nic.in** पर निर्धारित तिथि एवं समय तक अपलोड किया जा सकेगा। वांछित प्रपत्र अपलोड न किये जाने की स्थिति में टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा। जिन परिवहन ठेकेदारों को पूर्व में पी0सी0एफ0 या अन्य किसी सरकारी/सहकारी संस्था (भारत सरकार/किसी भी राज्य सरकार) द्वारा काली सूची में डाला गया है, उनकी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी और टेण्डर कमेटी द्वारा ऐसी डाली गयी निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा एवं धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

**पीसीएफ के जिला/क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा धरोहर धनराशि/निविदा पंजीयन शुल्क एवं निविदा मूल्य की रसीद नहीं काटी जायेगी और न ही रसीद तथा डिमाण्ड ड्राफ्ट स्वीकार होगें।**

**सभी टेण्डरदाताओं को रैंक हैण्डलिंग की सभी स्लैब दरें भरना अनिवार्य है, अन्यथा टेण्डर पर विचार नहीं किया जायेगा।**

निविदा वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। तकनीकी रूप से अर्ह निविदादाता की वित्तीय निविदा पर ही विचार किया जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त अपलोड होने वाली निविदाओं के सम्बन्ध में पी0सी0एफ0 जिम्मेदार नहीं होगा। निविदा खुलने की तिथि पर अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में निर्धारित समय पर खोली जायेगी। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। टेण्डर फार्म में निर्धारित नियम एवं शर्तें तथा उक्त के अनुरूप वेबसाइट पर अपलोड की गयी निविदा सूचना के अनुसार ही आमन्त्रित निविदा स्वीकार की जायेगी। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार/विभाजित करने का अधिकार प्रबन्ध निदेशक के पास सुरक्षित रहेगा।

15/05/26

(रामजी कुशवाहा)
क्षेत्रीय प्रबन्धक,
पी0सी0एफ0, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर

Scanned with OKEN Scanner

**PCF उ०प्र० कोआपरेटिव फेडरेशन लि०**
**32, स्टेशन रोड, लखनऊ।**

## निविदा ई–टेण्डरिंग की सूचना

परिवहन ठेकेदारों/फर्मस/कम्पनीज से दिनांक 31.03.2028 तक प्रदेश के समस्त जनपदों में उर्वरक एवं बीज़ परिवहन, रैक हैण्डलिंग, रिबैगिंग तथा पल्लेदारी कार्य हेतु ई–निविदायें यू०पी० ई–टेण्डर वेवसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर दिनांक 18.04.2026 को अपराहन 03.00 बजे तक उक्त पर अपलोड की जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं सम्बन्धित समस्त जानकारी नियम व शर्तें उपर्युक्त वेवसाइट पर उपलब्ध हैं। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी।

प्रबन्ध निदेशक

क्षेत्रीय प्रबन्धक
पी०सी०एफ० विन्ध्याचल मण्डल
मीरजापुर

Signature Not Verified
Digitally signed by RAM JEE KUSHWAHA
Date: 2026.05.15 16:25:29 IST
Location: Uttar Pradesh-UP

Scanned with CamScanner
Scanned with OKEN Scanner